न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः—डॉ0 अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या 358/2025

श्री अनिल शर्मा पुत्र श्री नौरंगलाल शर्मा, निवासी ग्राम भाटीवाड, तहसील गुढागौडजी, जिला झुंझुनूं।

——प्रार्थी

बनाम

जिला रसद अधिकारी, झुंझुनूं।

——अप्रार्थी

——

आवेदन पत्र बाबत राज0 उच्च न्यायालय पीठ, जयपुर के निर्णय की पालना बाबत।

——

उपस्थितः—

1. प्रार्थी स्वयं उपस्थित।
2. श्रीमती अनामिका, विभागीय प्रतिनिधि— अप्रार्थी की ओर से उपस्थित।

आदेश

दिनांक 12.09.2025

आवेदक की ओर से आवेदन पत्र माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14.08.2025 में दिये निर्देशों की पालना में निम्न प्रकार पेश किया है कि प्रार्थी माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14.08.2025 मे दिये गये निर्देशों की पालना मे आपके समक्ष प्रस्तुत है। प्रार्थी अनिल शर्मा पुत्र नौरंगलाल शर्मा, तहसील गुढागौडजी ग्राम भाटीवाड मे राशन की दुकान संचालित करता है जिसमे खाद्य सुरक्षा मे एनएफएसए राशन कार्डो की कुल संख्या 537 है और यूनिट की संख्या 1895 है। राजनैतिक अनुशंषा के आधार पर मेरी ग्राम पंचायत मे नई दुकान का आंवटन जारी किया गया जो कि खाद्य विभाग के नियमों के विरूद्व है। खाद्य विभाग द्वारा चलाये गये गिव अप अभियान में 25 राशन कार्डो को बंद करवा दिया गया एवं 15 से 20 राशन कार्डों के उपभोक्ताओं ने पलायन कर दिया। 15 से 20 राशन कार्ड ऐसे है जिनकी वार्षिक आय ज्यादा होने के कारण अपात्र पाये गये है। अब मेरी वर्तमान दुकान मे खाद्य सुरक्षा के राशन कार्डों की संख्या 495 और यूनिट 1780 है। मेरी वर्तमान दुकान से जिस जगह का आंवटन राजनैतिक अनुशंषा के आधार पर किया गया है वो मेरी दुकान से 800 मीटर की दूरी पर है। अतः श्रीमान्जी की सेवामे प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर माननीय न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं से विनम्र आग्रह है कि ग्राम पंचायत भाटीवाड की (ढाणी) के लिए जारी नवसृजित दुकान की विज्ञप्ति को निरस्त करने का आदेश प्रदान कर प्रार्थीगण को राहत प्रदान करें।

प्रकरण मे जिला रसद अधिकारी, झुंझुनूं ने पत्रांक अभियोग/रसद/2025/864 दिनांक 04.09.2025 द्वारा तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया कि सी0बी0 सिविल रिट पीटिशन संख्या 12249/2025 अनिल कुमार, भाटीवाड बनाम राजस्थान सरकार की तथ्यात्मक रिपोर्ट निम्न प्रकार सादर प्रेषित है कि ग्राम पंचायत भाटीवाड मे नवसृजित उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत भाटीवाड मे नवसृजित उचित मूल्य दुकान के लिए संबंधित प्रवर्तन निरीक्षक की जांच रिपोर्ट ली गई। नवसृजित उचित मूल्य दुकान व अन्य श्रेणी की उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए प्रकिया की गई व निर्णय पारित किया गया। अपीलान्ट श्री अनिल कुमार के पास वर्तमान मे ग्राम पंचायत भाटीवाड मे खाद्य सुरक्षा योजना के चयनित राशन कार्ड संख्या 528 व खाद्य सुरक्षा योजना चयनित यूनिट 2171 है।

जिला कलक्टर झुंझुनूं

बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों की पुनरावर्ती करते हुये कथन किया कि प्रार्थी माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14.08.2025 मे दिये गये निर्देशों की पालना मे आपके समक्ष प्रस्तुत है। प्रार्थी अनिल शर्मा पुत्र नौरंगलाल शर्मा, तहसील गुढागौडजी ग्राम भाटीवाड मे राशन की दुकान संचालित करता है जिसमे खाद्य सुरक्षा मे एनएफएसए राशन कार्डों की कुल संख्या 537 है और यूनिट की संख्या 1895 है। राजनैतिक अनुशंषा के आधार पर मेरी ग्राम पंचायत मे नई दुकान का आंवटन जारी किया गया जो कि खाद्य विभाग के नियमों के विरूद्व है। खाद्य विभाग द्वारा चलाये गये गिव अप अभियान में 25 राशन कार्डो को बंद करवा दिया गया एवं 15 से 20 राशन कार्डों के उपभोक्ताओं ने पलायन कर दिया। 15 से 20 राशन कार्ड ऐसे है जिनकी वार्षिक आय ज्यादा होने के कारण अपात्र पाये गये है। अब मेरी वर्तमान दुकान मे खाद्य सुरक्षा के राशन कार्डों की संख्या 495 और यूनिट 1780 है। मेरी वर्तमान दुकान से जिस जगह का आंवटन राजनैतिक अनुशंषा के आधार पर किया गया है वो मेरी दुकान से 800 मीटर की दूरी पर है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम पंचायत भाटीवाड के लिए जारी नवसृजित दुकान की विज्ञप्ति को निरस्त करने का आदेश प्रदान कर प्रार्थीगण को राहत प्रदान करें।

हमने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व जिला रसद अधिकारी, झुंझुनूं द्वारा प्रस्तुत तथ्यात्मक रिपोर्ट का अवलोकन किया। तथ्यात्मक रिपोर्ट से साफ जाहिर है कि ग्राम भाटीवाड स्थित उक्त दुकान पर खाद्य सुरक्षा राशन कार्ड की संख्या क्रमशः 528 व यूनिट 2171 है। विभागीय आदेश क्रमांक एफ 17(9) खा0वि0/विधि/2012 दिनांक 26.12.2019 व 17(1)खा0वि0/विधि/2008 दिनांक 07.04.2010 के अनुशरण मे 500 राशन कार्ड/2000 यूनिट पर अतिरिक्त दुकान के प्रावधान जारी है। उक्त दुकान पर राशन कार्ड व यूनिटों की संख्या निर्धारित संख्या से भी कम है। प्रकरण मे नियमानुसार अतिरिक्त राशन की दुकान सृजित किया जाना उचित नही है। ऐसी स्थिति मे प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम भाटीवाड स्थित उचित मूल्य श्री अनिल कुमार को यथावत रखे जाने व अतिरिक्त दुकान नही सृजित करने के आदेश दिये जाते है। आदेश की प्रति जिला रसद अधिकारी झुंझुनूं को पालनार्थ प्रेषित हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

आदेश आज दिनांक 12.09.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ0 अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलेक्टर झुंझुनूं